प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने की बड़ी कार्रवाई, झारखंड समेत छह राज्यों के गृह सचिवों को बदलने का दिया आदेश।
- लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडियाकर्मियों को दी आचार संहिता की जानकारी, डीजीपी ने की इंटर स्टेट को–ऑर्डिशन कमिटी की बैठक।
- राज्यपाल ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक अध्ययन के लिए आयी टीम के सदस्यों के साथ किया संवाद, कहा–विकास के लिए सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण।
- अवैध खनन और जमीन खरीद बिक्री मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद से ईडी अधिकारियों की पूछताछ जारी।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में गरज के साथ हुई झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने कल भी तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान।

और अब समाचार विस्तार से

******************

लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने बड़ी कार्रवाई की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयोग ने छह राज्यों झारखंड, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गृह सचिव को स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को भी बदलने का निर्देश दिया है। आयोग ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरण करें, जो तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं या अपने गृह जिले में पदस्थापित हैं।

******************

लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य में प्रशासनिक हलचल तेज हो गयी है। राज्य में निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव को लेकर चुनाव आयोग खास तैयारियों में जुटा हुआ है। मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में आज रांची स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मीडिया कर्मियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह और नेहा अरोड़ा समेत अन्य अधिकारियों ने चुनाव के दौरान कवरेज से जुड़ी बारीकियों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव तारीखों की घोषणा होने के साथ ही झारखंड समेत देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता के तहत सभी को अपनी जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है।

******************

झारखंड पुलिस ने लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से तैयारियां तेज कर दी है। इस सिलसिले में आज राजधानी रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में अंतरराज्जीय समन्वय की बैठक हुई। बैठक में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सीमावर्ती राज्यों के साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लगभग आठ बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने बताया कि बॉर्डर चेक पोस्ट को सुचारू रूप से तैयार करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नक्सल गतिविधियां और उनके विरुद्ध कार्रवाई, इंटेलिजेंसी शेयर, अपराधियों और अवैध हथियार तथा नारकोटिक्स की गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर ठोस रणनीति बनाई गई है।

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रविकुमार ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त और त्रुटिरहित मतदान सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की है। वे आज रांची में लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

******************

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। भाजपा से कोडरमा लोकसभा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी की अगुवाई में पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक झुमरी तिलैया में हुई। बैठक में सांगठनिक चर्चा के साथ–साथ ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने की रणनीति तैयार की गई। इस मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

******************

सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक, एसबीआई को चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी विवरण की जानकारी देने का निर्देश दिया है। इस मामले की आज सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एसबीआई को 21 मार्च तक

खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक पार्टी के बीच के संपर्क को दर्शाने वाले यूनिक बॉन्ड नंबरों की भी जानकारी देने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने एसबीआई के अध्यक्ष को 21 मार्च को न्यायालय के समक्ष एक हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इस हलफनामे में यह दर्शाया जाना चाहिए कि एसबीआई ने बॉन्ड से संबंधित सभी जानकारी दे दी है।

******************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि विकास के लिए सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण है। वर्तमान में देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। राज्यपाल आज राजभवन में रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली के संकाय और पाठ्यक्रम के सदस्य की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक अध्ययन के लिए आयी टीम के सदस्यों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली का गौरवशाली इतिहास रहा है।

******************

अवैध खनन और जमीन खरीद–बिक्री मामले में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की टीम आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से पूछताछ कर रही है। इस मामले में ईडी ने इस वर्ष तीन जनवरी को श्री प्रसाद समेत कई अन्य लोगों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान अभिषेक प्रसाद के घर से ईडी ने डिजिटल उपकरण और अन्य दस्तावेज जब्त किए थे। छापेमारी के क्रम में मिले दस्तावेजों के आधार पर जांच एजेंसी आगे की कार्रवाई कर रही है।

******************

तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरु हो है। यह कार्यक्रम 20 मार्च तक चलेगा। इसमें विभिन्न स्टार्टअप के अलग–अलग पवेलियन बनाए गए हैं। इनमें आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाईमेट टेक, गेमिंग, ई–स्पोर्ट्स, फिनटेक जैसे अनेक विशेष पवेलियन शामिल हैं। इस महाकुंभ का उद्देश्य पूंजीपतियों और निवेशकों को भारतीय व्यापार के साथ जोड़ना है।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद तेज हवा और गरज के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। एक ओर जहां पेड़ गिरने से लोगों को आवागमन में असुविधा हुई, वहीं निचले इलाकों में जल जमाव की स्थिति उत्पन हो गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार कल भी राज्य के कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि होने के भी आसार हैं। इसे लेकर येलो एलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले तीन दिन गरज के साथ बारिश और कहीं–कहीं वज्रपात होने के आसार हैं।

उधर लोहरदगा जिले में भी दोपहर बाद तेज बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। इससे रबी फसलों और खपरैल मकानों को नुकसान पहुंची है।

*******समाप्त******